सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 229 | इंदौर, बुधवार 05 मार्च, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## एमबीबीएस के साथ चलेंगे आयुर्वेद, होम्योपैथ और नर्सिंग कोर्स

### ◆ झाबुआ में बनेगा डीएवीवी का मेडिकल कॉलेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) का पहला मेडिकल कॉलेज झाबुआ में स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए 100 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली है, और इस महीने के अंत तक जमीन के नामांतरण की प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। योजना के अनुसार, 2028-29 से मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू होगी। हालांकि, इससे पहले झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज की बिल्डिंग में अगले सत्र से अस्थायी रूप से मेडिकल कॉलेज संचालित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

डीएवीवी की पिछली कार्यपरिषद बैठक में झाबुआ में मेडिकल कॉलेज खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी, जिसके बाद जमीन की तलाश शुरू की गई। जिला अस्पताल से करीब 5 किलोमीटर दूर डूंगरा लालू क्षेत्र में 100 एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। डीएवीवी कुलपति और झाबुआ कलेक्टर के बीच इस जमीन को लेकर सहमति बन गई है। दावा किया जा रहा है कि यहां अगले तीन वर्षों में मेडिकल कॉलेज शुरू कर दिया जाएगा। पहले चरण में एमबीबीएस कोर्स की मान्यता प्राप्त की जाएगी, और बाद में बीडीएस, आयुर्वेदिक तथा होम्योपैथी के कोर्स भी इसी कैंपस में जोड़े जाएंगे। झाबुआ में लंबे समय से मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग की जा रही थी। यहां के स्थानीय लोगों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए गुजरात के दाहोद जाना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज खुलने से स्वास्थ्य सुविधाओं में बड़ा सुधार होगा और लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। झाबुआ मेडिकल कॉलेज की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने पर विचार शुरू हो चुका है। इसकी अनुमानित लागत 1200 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस परियोजना में राज्य सरकार से अनुदान मिलेगा, जबकि शेष राशि विश्वविद्यालय के बजट से खर्च की जाएगी। हालांकि, मेडिकल कॉलेज की शुरुआत के लिए झाबुआ इंजीनियरिंग कॉलेज के भवन को विकल्प के रूप में रखा गया है। इस भवन का उपयोग किया जाए तो मेडिकल कॉलेज की शुरुआत के लिए केवल 600 करोड़ रुपए की आवश्यकता होगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रस्ताव भेजा है कि यदि इंजीनियरिंग कॉलेज का भवन उपलब्ध हो जाता है, तो 2026-27 सत्र से ही मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई शुरू की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने इस प्रस्ताव पर विचार करने और इसे आरजीपीवी (राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) को भेजने के निर्देश दिए हैं। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राकेश सिंघई ने बताया कि झाबुआ में मेडिकल कॉलेज के लिए 100 एकड़ से अधिक जमीन चिह्नित कर ली गई है और स्थानीय प्रशासन से इसकी स्वीकृति भी मिल चुकी है। विश्वविद्यालय प्रशासन की योजना है कि इस महीने के अंत तक जमीन का नामांतरण पूरा कर लिया जाए और मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।

### किसानों को बड़ी सौगात

# गेहूं खरीदी पर इस बार मिलेगा 175 रुपये बोनस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश कैबिनेट की अहम बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में कई फैसलों पर मुहर लगी है। बैठक में आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के अंतर्गत 'पोषण भी-पढ़ाई भी' प्रशिक्षण कार्यक्रम और आयोजन के लिए 30 करोड़ 56 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही राज्य के किसानों के लिए बड़े फैसले लिए गए हैं।**

### गेहूं का उपार्जन 2,600 प्रति क्विंटल पर

बैठक में फैसला लिया गया है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को गेहूं उपार्जन पर बोनस भुगतान एवं सरप्लस गेंहू के निस्तारण के संबंध में गेंहू उपार्जन पर बोनस दिया जाएगा। किसानों के 125 रुपये प्रति क्विंटल के स्थान पर अब 175 रुपये प्रति क्विंटल से बोनस दिए जाने का फैसला किया गया है। गेहूं की खरीदी 2,600 प्रति क्विंटल पर की जाएगी। गेहूं खरीदी 15 मार्च से शुरू होगी। बैठक में बताया गया कि गेंहू की एमएसपी 2,425 रुपये प्रति क्विंटल है। इस पर किसानों को 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जायेगा। सरकार ने इस बार गेहूं खरीदी के लिए 80 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार 1,400 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

### कैबिनेट में इस अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर



### धान किसानों को फायदा

बैठक में फैसला लिया गया है कि इस साल धान खरीदी करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 4000 रुपये के हिसाब से 6.70 लाख किसानों को 12.20 लाख हेक्टेयर में पैदा की गई धान पर राज्य सरकार 480 करोड़ रुपये की राशि व्यय करेगी। प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए 138 करोड़ 41 लाख रुपये स्वीकृति किए गए हैं। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकार्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम के तहत प्रदेश में राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए स्वीकृति दी गई है। स्वीकृति अनुसार राजस्व भू-अभिलेखों के लंबित डिजिटाइजेशन के लिए प्राक्कलित कुल राशि 138 करोड़ 41 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। डिजिटाइजेशन के कार्य को मध्य प्रदेश भू-अभिलेख प्रबंधन समिति द्वारा खुली निविदा के माध्यम से किया जायेगा।

### पांढुर्णा में तीन वनमंडलों को पुनर्गठित किया जाएगा

वर्तमान में छिंदवाड़ा वन वृत्त (छिंदवाड़ा जिला एवं नवगठित पांढुर्णा जिला) अंतर्गत तीन वनमंडलों पूर्व, पश्चिम, दक्षिण छिंदवाडा को पुनर्गठित किये जाने का निर्णय लिया गया हैं। निर्णय के अनुसार अनुसार दक्षिण छिंदवाड़ा वनमंडल के 662.742 वर्ग किमी वनक्षेत्र को नवगठित पांढुर्णा वनमंडल में तथा शेष 293.944 वर्ग किमी वनक्षेत्र को पूर्व व पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडलों में शामिल किया जायेगा एवं वनमंडल दक्षिण छिंदवाड़ा को समाप्त किया जायेगा।

### पाकिस्तान से आया डिस्टरबेंस

# मप्र में चली ठंडी हवाएं, तेजी से गिरा पारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बुधवार सुबह अचानक से पारा गिर गया। सुबह बर्फीली ठंडी हवाओं ने लोगों को घरों में दुबके रहने को मजबूर कर दिया। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच अचानक गिरे पारे ने मौसम बदल दिया। इंदौर में मंगलवार को पारा 30.5 डिग्री और रात का पारा 16.8 डिग्री पर आ गया। फरवरी के अंतिम दिन यही पारा 35 डिग्री पर था।**

### कई जिलों में पारा 5 डिग्री तक गिरा

मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में दिन के तापमान में 4.2 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को हवा की रफ्तार 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटा तक रही, जिससे तापमान में गिरावट देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी इसी तरह का मौसम बना रहेगा, लेकिन इसके बाद दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### पश्चिमी विक्षोभ का असर, तापमान में गिरावट जारी

मौसम विभाग के मुताबिक, इस समय पाकिस्तान के पास एक पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) एक्टिव है और टर्फ लाइन गुजर रही है, जिसकी वजह से प्रदेश के कई हिस्सों में हवाएं चल रही हैं और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।



### खरगोन में सबसे ज्यादा 35.6 डिग्री, पचमढ़ी में सबसे कम 27.5 डिग्री

मंगलवार को प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिला, जहां ज्यादातर शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई। पचमढ़ी का तापमान 27.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सबसे कम रहा। वहीं, खरगोन में 35.6 डिग्री, खंडवा में 35.1 डिग्री, नर्मदापुरम में 34.5 डिग्री, मंडला में 34 डिग्री, मलाजखंड में 33.5 डिग्री, रतलाम और उमरिया में 33.2 डिग्री और दमोह में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### बड़े शहरों में पारा गिरा, जबलपुर सबसे गर्म

प्रदेश के प्रमुख शहरों की बात करें तो भोपाल में दिन का तापमान 31 डिग्री, इंदौर में 30.5 डिग्री, ग्वालियर में 30.9 डिग्री, उज्जैन में 31.2 डिग्री और जबलपुर में 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सबसे ज्यादा रहा। शिवपुरी में सबसे ज्यादा 4.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जहां तापमान 28 डिग्री पर आ गया। इसी तरह इंदौर और गुना में 2.6 डिग्री, भोपाल में 1.2 डिग्री, धार में 2.3 डिग्री, रतलाम में 1.8 डिग्री, उज्जैन में 1.8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, बैतूल, खंडवा, पचमढ़ी, रायसेन, खजुराहो, नौगांव और सागर में भी मामूली तापमान गिरावट दर्ज की गई। सोमवार और मंगलवार की रात में भी तापमान में गिरावट देखी गई, जिससे मौसम में हल्की ठंडक बनी रही।

### 9 मार्च को नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस होगा एक्टिव

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 9 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है। इसका असर दो दिन बाद मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। हालांकि, फिलहाल बारिश की संभावना नहीं जताई गई है, लेकिन इस सिस्टम के कारण मौसम में हल्का बदलाव आ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा।

# आयुक्त, पार्षद से बोले - कब्जा तोड़ने जाएंगे तो फोन मत करना...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जीतू यादव के साथ हुए विवाद के बाद सुर्खियों में आए पार्षद कमलेश कालरा मंगलवार को नगर निगम की जनसुनवाई में अपने वार्ड की शिकायतें लेकर पहुंचे। सामान्य व्यक्ति की तरह वह अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। इसके बाद निगम आयुक्त शिवम वर्मा से मिले। आयुक्त को जब अपने वार्ड की शिकायतें बताई, तो आयुक्त ने कहा कि कब्जा तोड़ने जाएंगे तो फोन मत करना, फिर अधिकारियों से कहा कि वार्ड 65 को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कर दो। इसे आदर्श वार्ड बना दो।**



दरअसल, पार्षद कमलेश कालरा कुछ माह पूर्व जीतू यादव से विवाद के मामले में सुर्खियों में आए थे। इसके कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे। पार्षद कमलेश कालरा ने जूनी इंदौर थाने से लेकर सीएम तक की थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पार्षद के घर हमला करने वालों को गिरफ्तार किया था। वहीं एमआईसी मेंबर जीतू यादव को भाजपा और एमआईसी से हटा दिया था। मंगलवार को जनसुनवाई में यह शिकायतें लेकर पहुंचे कालरा.खातीवाला टैंक में अवैध निर्माण,जोशी कॉलोनी में बेक लेन में अवैध निर्माण,सिंधी कॉलोनी नाले पर अवैध पक्के निर्माण, खातीवाला टैंक मधुरम अपार्टमेंट में अवैध निर्माण कालरा ने आयुक्त से ये भी कहा कि इन मामलों की वे पहले शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। खास बात ये है कि पार्षद ने ये बात खुद अपने द्वारा दिए गए सभी आवेदनों में लिखी है। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि मंगलवार को जनसुनवाई में 36 से ज्यादा आवेदन आए। इसमें स्थापना संबंधित विषय भी आए थे। जिसमें कुछ लोग ट्रांसफर के आवेदन लेकर आए थे। उन्हें कहा गया है कि आवेदन लेकर जनसुनवाई में नहीं आना चाहिए। जनता की समस्या को लेकर ये जनसुनवाई होती है। इसमें हमारे कर्मचारियों के ट्रांसफर या अन्य समस्या लेकर नहीं आना चाहिए। हमने उन पर कार्रवाई भी की है कि वे बिना अनुमति इस प्रकार जनसुनवाई में उपस्थित हुए थे। उन पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई है।

## 3 दिन में हो बोरिंग सुधारने का काम

इंदौर। गर्मी की शुरुआत के साथ ही इंदौर में कई स्थानों पर पानी की समस्या आने लगी है। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के कड़े तेवर देखने को मिले। मंगलवार को उन्होंने स्मार्ट सिटी ऑफिस में जोनवार जलप्रदाय व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान आयुक्त ने निगम अधिकारियों और बोरिंग सुधार कार्य में लगी एजेंसी के प्रतिनिधियों से सवाल किया कि, रोजाना बोरिंग सुधार से संबंधित कितनी शिकायतें प्राप्त होती हैं, इनमें से कितनी का समाधान प्रतिदिन किया जाता है और पिछले सात दिनों में कितनी एवं किस प्रकार की शिकायतें दर्ज हुई हैं। एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि, समस्या के समाधान में चार से पांच दिन का समय लगता है। इस पर आयुक्त ने निर्देश दिया कि बोरिंग सुधार से जुड़ी सभी शिकायतों का समाधान अधिकतम तीन दिनों के भीतर किया जाए। इसके लिए सुधार कार्य में लगी टीम को जोनल ऑफिस में तैनात किया जाए। आयुक्त ने चेतावनी दी कि यदि बोरिंग सुधार कार्य तीन दिनों में पूरा नहीं हुआ, तो संबंधित एजेंसी पर पेनल्टी लगाई जाएगी, साथ ही पीएचई, एई और एसई के वेतन में भी कटौती की जाएगी।

## शिकायत करने वालों की भी होगी जांच : निगम आयुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** अवैध निर्माण को लेकर लगातार नगर निगम में शिकायतें आ रही हैं। इन शिकायतों पर कार्रवाई के दौरान कई बार ये बात सामने आई है कि शिकायत करने वाले ने भी अवैध निर्माण कर रखा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए हैं। जिसमें वे शिकायतकर्ता और शिकायत दोनों की जांच करेंगे। दरअसल, नगर निगम में कई लोग अवैध निर्माण की शिकायतें लेकर आ रहे हैं। नगर निगम आयुक्त वर्मा ने बिल्डिंग परमिशन विभाग के इंजीनियरों और अपर आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि जो भी शिकायतकर्ता अब अवैध निर्माण की शिकायत करे, पहले उसके द्वारा निर्मित भवन की जानकारी निकालें की क्या उसने नियमानुसार निर्माण किया है। शिकायत करने वाले ने नियम के मुताबिक निर्माण किया है तो इसके बाद रिमूवल की कार्रवाई करें। नगर निगम आयुक्त वर्मा ने बताया कि कई बार लोग पड़ोसी के निर्माण की शिकायत लेकर आ जाते हैं और एक-दूसरे की शिकायत करते हैं। आयुक्त ने कहा कि लोग शिकायत लेकर आते हैं कि पड़ोसी ने छज्जा बाहर निकाल लिया है। शिकायत पर नगर निगम की टीम मौके पर कार्रवाई करने जाती है तो पता चलता है कि शिकायत करने वाले का खुद का मकान अवैध बना है। इसे देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पहले शिकायत करने वालों को चेक करे इसके बाद नियम अनुसार काम करें।

## पुलिस के 5 अधिकारियों की सेवानिवृत्ति



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पुलिस कमिश्नर कार्यालय में 5 पुलिस अधिकारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इन अधिकारियों ने अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर ली है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसीपी अंकित सोनी, एडीसीपी सीमा अलावा और प्रियंका डुडवे समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में उप निरीक्षक जयनारायण कोगरे, ऋषिराज चतुर्वेदी, कृष्णा राठौर और सहायक उप निरीक्षक आशा मिश्रा व प्रेम सिंह चौहान शामिल हैं। सभी को शाल, श्रीफल, मोमेंटो और पुष्प माला से सम्मानित किया गया।डीसीपी अंकित सोनी ने कहा कि इन अधिकारियों ने अनुशासित पुलिस विभाग में चुनौतीपूर्ण ड्यूटी करते हुए जनता की सेवा की है। अब उन्हें स्वयं और परिवार को समय देने की बारी है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी अपनी समस्याएं और अनुभव साझा करने के लिए कभी भी विभाग में आ सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह रिटायरमेंट नहीं, बल्कि जीवन की नई पारी की शुरुआत है। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भावुक होकर अपने साथियों से विदाई ली।

## यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट का द्वितीय ट्रायल रन 5 मार्च की शाम से होगा प्रारंभ

**इंदौर।** उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 2802/2004 (आलोक प्रताप सिंह विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य) में 18 फरवरी 2025 को पारित आदेशानुसार यूनियन कार्बाइड के अपशिष्ट का द्वितीय ट्रायल रन 04 मार्च 2025 से किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। प्रथम ट्रॉयल 03 मार्च 2025 को सायं 06:30 बजे तक किया गया, तत्पश्चात् इन्सीनरेटर की कूलिंग के लिये छोड़ा गया, जिसमें लगभग 18 से 20 घंटे का समय लगता है। इन्सीनरेटर की गैसों की क्लीनिंग, बैग फिल्टर की सफाई के कारण 04 मार्च 2025 को द्वितीय ट्रॉयल रन प्रारंभ नहीं किया जा सका है, जिसके 05 मार्च 2025 को सायं तक प्रारंभ होने की संभावना है।

### सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का समय सीमा में हो निराकरण

# लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वालों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई

## समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने अधिकारियों को दिये निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि इंदौर जिले में सीएम हेल्पलाइन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी इसके तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में सकारात्मक रूप से निराकरण सुनिश्चित करें। समय सीमा में आवेदन निराकृत नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।**

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में यहां समय सीमा के पत्रों की निराकरण (टीएल) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री राजेंद्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण में तेजी लाई जाए। प्रभावी एवं सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। समय सीमा का विशेष ध्यान रखें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में लापरवाही तथा उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज आवेदनों को सभी अधिकारी प्रतिदिन देखें। आवेदकों से चर्चा करें और उसी दिन निराकरण सुनिश्चित करें। आगामी 7 दिवस में कार्य में अपेक्षित सुधार लाएं। 50 दिन से अधिक के आवेदनों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें।

कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण को प्राथमिकता दी जाए। यह सुनिश्चित करें कि हर प्रकरण समय सीमा में निराकृत हो। उन्होंने भिक्षावृत्ति के विरुद्ध चल रहे अभियान की भी समीक्षा की। कहा कि भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान को गति देकर निरन्तर चलाते रहे। वर्तमान में त्यौहारों के मद्देनजर धर्मस्थलों के आसपास विशेष निगरानी रखें। भिक्षावृत्ति पाये जाने पर तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने चाचा नेहरु बाल चिकित्सालय के कायाकल्प के लिये चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी बैठक में की। उन्होंने निर्देशित किया कि कायाकल्प के कार्य को इसी पखवाड़े में पूर्ण किया जाये। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि राजस्व बकाया वसूली कार्य में तेजी लाएं। बकायादारों से वसूली करें। बकाया जमा नही करने पर संबंधितों की सम्पति कुर्क करने की कार्रवाई की जाए। यह ध्यान रखें कि इस माह के अंत तक वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूर्ण हो।

# ब्रिज पर लगा दी नुकिली रैलिंग

## विरोध हुआ तो अब हटा रहा निगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में 60 साल पहले बने शास्त्री ब्रिज के डिवाइडर पर लोहे की नुकिली रैलिंग लगाने का फैसला नगर निगम ने लिया। इसका काफी विरोध हुआ। 200 मीटर हिस्से में रैलिंग लगा भी दी गई। इसके बाद निगम अफसरों को भी लगा कि इससे हादसे हो सकते है, तब निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर काम रोक दिया गया।**

मंगलवार से 200 मीटर वाले हिस्से में रैलिंग हटाने का काम शुरू हो गया। लोगों का कहना है कि गलत फैसले के कारण जनता की कमाई नगर निगम यूं ही खर्च करता है। इससे वाहन चालकों की परेशानी भी बढ़ जाती है।



रेलवे पटरी को क्रास करने के लिए शहर का पहला शास्त्री ब्रिज 60 साल पहले बना था। तब ब्रिज फोरलेन बना था, लेकिन अब लगातार ट्रैफिक का दबाव ब्रिज पर बढ़ रहा है। ब्रिज को फोरलेन बनाने की मांग भी उठ रही है। ब्रिज का चौड़ीकरण तो नहीं हुआ, लेकिन नगर निगम के अफसरों ने पुराने ब्रिज से अस्थाई डिवाइडर हटाकर पक्के डिवाइडर बनाकर रैलिंग लगाने का काम शुरू कर दिया था। रैलिंग की डिजाइन भी काफी नुकिली चुनी गई। इससे हादसे का खतरा हमेशा बना रहता था। टू लेन ब्रिज होने के कारण वैसे ब्रिज पर वाहनों के बीच की गेप कम रहती है। इस कारण रैलिंग के कारण हादसे बढ़ने की आशंका विशेषज्ञों ने जताई थी। जब अफसरों को गलती समझ आई तो उन्होंने रैलिंग लगाने का काम बीच में ही रोक दिया। दो दिन में 200 मीटर हिस्से में लगाई रैलिंग भी हटा ली जाएगी।

शास्त्री ब्रिज काफी पुराना है। उसके कई हिस्से जर्जर हो चुके है। ब्रिज के गांधी हाल वाले हिस्से में प्लास्टर उखड़ने के कारण सरिए भी दिखाई देने लगे है। इसके अलावा फुटपाथ के हिस्से में भी दो माह पहले गेप आ गया था। इंदौर में बीआरटीएस को हटाने के फैसले के बाद टिकट काउंटर अब बस स्टेशन के बजाए खुले में आ गया। दो दिन तो धूप में खड़े रहकर यात्रियों ने टिकट खरीदे, लेकिन अब फुटपाथ पर शेड लगा दिए गए है। बस रैलिंग हटाने के बाद अब बस स्टेशनों को भी बीआरटीएस से हटाया जाएगा।

## बिल्डिंग में छापेमारी कर ऑनलाइन सट्टा पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में क्राइम ब्रांच ने एक बिल्डिंग में छापेमारी कर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे छह युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 29 मोबाइल, लैपटॉप और दो कंप्यूटर सीपीयू बरामद किए गए हैं। वे ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिए लोगों को सट्टे में फंसा कर उनसे पैसा कमाते थे। देर रात सभी आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने छावनी मैदान स्थित विकास तिवारी की बिल्डिंग के दूसरे फ्लोर पर छापा मारा, जहां से हिमांशु (निवासी महावीर नगर), रविंद्र (उत्तर प्रदेश), विवेक (भरतपुर, राजस्थान), अमित कुमार और कृष्ण कुमार (मधुबनी, बिहार) कन्हैया (छपरा, बिहार) को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी हिमांशु ने कुछ महीने पहले यह फ्लैट किराए पर लिया था और यहां से ऑनलाइन सट्टा एप का संचालन कर रहा था। आरोपी 'हब एप' नामक वेबसाइट के जरिए लोगों से दांव लगवाते थे। वे ग्राहकों को आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराते थे और बदले में उनसे पैसे ट्रांसफर करवाते थे। पुलिस को इनके पास से हब वेबसाइट की आईडी भी मिली है, जो किसी अन्य राज्य से संचालित हो रही थी। आरोपियों ने कबूल किया कि वे लगभग एक साल से इस अवैध कारोबार को चला रहे थे। क्राइम ब्रांच की इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस को पहले जानकारी नहीं दी गई थी। जब पुलिसकर्मी रात में गुप्त रूप से बिल्डिंग में दाखिल हुए, तो अंदर मौजूद युवकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इसे सुनकर एक स्थानीय निवासी ने संयोगितागंज थाने में अपहरण की सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे बीट अधिकारी को जब सच्चाई पता चली, तब उन्होंने थाने को स्थिति की जानकारी दी। फिलहाल, आरोपियों के खिलाफ ऑनलाइन सट्टा एप संचालित करने के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## बर्तन साफ करने का पावडर बेचने के नाम पर ठगी

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ पहचान छुपाकर कमरा किराए पर लेने और महिलाओं से ठगी के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी ने लोगों को काम पर रखा, लेकिन सैलरी दिए बिना भाग गया। पुलिस अब आरोपी की तलाश कर रही है। बाणगंगा पुलिस ने ग्यारसीलाल कैथवास, निवासी भागीरथपुरा की शिकायत पर अभिषेक बोरिया उर्फ संदीप गुप्ता, निवासी त्रिमूर्ति नगर, भोपाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अभिषेक बोरिया ने कुछ माह पहले ग्यारसीलाल से कमरा किराए पर लिया था। किरायेदारी का एग्रीमेंट करने के लिए संदीप पुत्र राहुल गुप्ता, निवासी कृष्णा आर्केड, भोपाल के डॉक्यूमेंट्स की फोटो कॉपी दी। जिसमें फोटो अभिषेक का लगा हुआ था। आरोपी ने किराए के कमरे से बर्तन साफ करने का पावडर बेचने की बात कही। इलाके की जरुरत मंद महिलाओं से 30 रुपए किलो में पावडर खरीद कर फायदे में बेचने का झांसा दिया। महिलाओं से एडवांस में रुपए जमा कराने के बाद सभी को 22 फरवरी 2025 को बुलाया। लेकिन इसके पहले ही मोबाइल बंद कर लोगों का पेमेंट लेकर भाग गया। उसके द्वारा मोबाइल नहीं उठाने पर कमरे का ताला तोड़कर डॉक्यूमेंट देखने पर लोगों को अभिषेक द्वारा की गई धोखाधड़ी के बारे में पता चला। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर अभिषेक बोरिया की तलाश शुरु कर दी है।

## पार्षद समर्थक पर हमला, प्रेम विवाह बना हमले की वजह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। द्वारकापुरी क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भाजपा पार्षद समर्थक पर कुछ लोगों ने बेरहमी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का आईसीयू में इलाज चल रहा है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।**

मामले की शुरुआत में पुलिस ने पहले आरोपी पक्ष की एफआईआर दर्ज की, लेकिन जब यह सामने आया कि दूसरे पक्ष के युवक को गंभीर चोटें आई हैं, तो दूसरे पक्ष के खिलाफ हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया। द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता गोलू मराठा ने कृष्णा नायक, कमल नायक और सपना नायक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। गोलू के अनुसार, मोनू जोशी और कृष्णा की बहन के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों कुछ समय पहले बिना बताए घर से चले गए और लव मैरिज कर ली। बाद में युवती के परिजनों ने उसे ढूंढकर दूसरी जगह शादी करा दी। और इसके बाद से ही वे मोनू से रंजिश रखने लगे। जानकारी के मुताबिक 2 मार्च की रात करीब 11 बजे मोनू जोशी अपने दोस्त रूपेश के साथ शर्मा मांगलिक भवन में बैठा था। तभी कृष्णा अपने माता-पिता के साथ वहां पहुंचा और अपशब्द कहने लगा। विवाद बढ़ने पर कृष्णा और उसके परिवार ने लोहे की रॉड और बेसबॉल बैट से मोनू पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद गोलू ने अपने अन्य दोस्तों को बुलाया और मोनू को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, कृष्णा नायक की शिकायत पर पुलिस ने मोनू जोशी, गोलू मराठा और आकाश उर्फ अक्की के खिलाफ भी मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

कृष्णा का आरोप है कि मोनू और उसके साथियों ने उसकी दुकान पर पथराव किया और उसके हाथ में चोट आई। घटना के बाद जब पुलिस कृष्णा को मेडिकल के लिए एमवाय अस्पताल लेकर गई, तो वहां मोनू के परिजनों से उनका आमना-सामना हो गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों से बहस भी हुई। मोनू के परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले आरोपियों की एफआईआर दर्ज कर ली, जबकि मोनू की हालत बेहद गंभीर थी। जब यह जानकारी टीआई राहुल राजपूत को मिली, तो उन्होंने मोनू की तरफ से भी मामला दर्ज कराया। मोनू जोशी भाजपा पार्षद शानू शर्मा का कट्टर समर्थक है। वह उनकी गाड़ी चलाता है। जिस शर्मा मांगलिक भवन में उस पर हमला हुआ, वह भी शानू शर्मा के परिवार का है। मोनू का आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। कुछ समय पहले द्वारकापुरी वाइन शॉप के बाहर हुई मारपीट के मामले में भी पुलिस ने उसे आरोपी बनाया था।

## नर्मदा परिक्रमा के नाम पर तीन लाख ठगे

### एक दर्जन से ज्यादा लोगों को बनाया शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाडिया पुलिस ने 12 लोगों से नर्मदा परिक्रमा के नाम पर होटल, टिकट व घूमने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित गूगल पर एक वेबसाइट के माध्यम से आरोपियों के संपर्क में आए थे। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन रुपए जमा कर दिए। बाद में पता चला कि उनके नाम से कोई बुकिंग नहीं हुई है।

कनाडिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विवेक राजहंस, अंकित शर्मा,अभिषेक और नित्या नागर सहित करीब 12 लोगों के साथ 3 लाख 26 हजार की ठगी के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। 23 फरवरी को मामले में शिकायत की गई। जिसमें बताया गया कि ट्रैवल अरेंजमेंट कंपनी यात्रा सागा के मोबाइल नंबर 8449606954 द्वारा अलग-अलग अकाउंट नंबरों में रुपए जमा कराए गए। नर्मदा परिक्रमा यात्रा के नाम पर लेकर होटल, वाहन एवं अन्य बुकिंग कर पीड़ितों को वॉट्सऐप पर रसीद भेजी गई। उन्होंने जब होटल और ट्रेवल्स पर संपर्क किया तो उन्होंने ऐसी कोई भी बुकिंग होने से इनकार कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने सरोज पुत्र चन्द्र प्रकाश, निवासी अडोरी मथुरा, जिला विजयपुर उत्तर प्रदेश और राजेन्द्र प्रसाद, निवासी अशोक नगर, सीपत रोड, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ के अकाउंट मे रुपए जमा कराए थे। इसके लिए उन्होंने गूगल से website_www.yatrasaga.com कंपनी का पता स्कीम नंबर 140 बताया। आरोपियों ने किश्तों में रुपए डलवाए और बताया कि 20 फरवरी को उन्हें पिक कर बताई गई जगह पर ड्राप किया जाएगा। हालांकि बाद में उक्त नंबरों पर कॉल उठाना बंद कर दिए गए। मौके पर जाकर देखा तो बिल्डिंग में इस नाम से कोई ऑफिस नहीं मिला। पुलिस ने अकाउंट नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### जल रही झोपड़ी से मां को सुरक्षित निकाला बेटा खुद आग की लपटों से घिर गया, हुई मौत

**इंदौर।** कनाड़िया इलाके में झोपड़ी में लगी आग बुझाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। घटना के समय वह अपनी मां को बचाने में लगा था, लेकिन अचानक संतुलन बिगड़ने से वह जलती झोपड़ी में गिर गया और गंभीर रुप से झुलस गया। उपचार के दौरान मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। कनाड़िया पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय आशिक, पुत्र मनोहर राजवंश, ग्राम कलमा का निवासी था। 2 मार्च की रात परिजन उसे एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन मंगलवार सुबह करीब 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। आशिक के भाई असीम ने बताया कि वे मूल रुप से ललितपुर के रहने वाले हैं और करीब दो साल पहले अपने माता-पिता के साथ इंदौर आकर लक्ष्मण वर्मा के यहां काम करने लगे थे।

# युवाओं और उद्योगों के बीच की दूरी होगी कम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## जीआईएस-भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसियों के साथ हुए एमओयू

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-भोपाल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड-शो के परिणामस्वरूप, मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र बना। साथ ही**

कुशल मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाला आदर्श स्थान पर बन गया है। प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री और स्किल डेवलपमेंट को आपस में जोड़ते हुए 'इंडस्ट्री-रेडी वर्क फोर्स' तैयार करने की दिशा में कई रणनीतिक साझेदारियां की हैं। इससे लाखों युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जीआईएस-भोपाल में कौशल विभाग ने कई देशी-विदेशी एजेंसियों के साथ एमओयू किये। ये एजेंसियां आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए एडवांस ट्रेड्स एवं विधाओं का कौशल प्रशिक्षण देंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेशकों को कुशल वर्क फोर्स मिलेगा। जीआईएस में युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं तकनीकी




शिक्षा विभाग द्वारा 8 एमओयू साइन किये गये। इंडो-जर्मन ग्रीन स्किल्स (जीआईजेड) और कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सहयोग से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। इससे इलेक्ट्रिशियन और सोलर तकनीशियन जैसे ट्रेड्स में कुशल युवाओं की मांग पूरी होगी। इसी प्रकार, जीआईजेड और सिमेंस इंडिया की साझेदारी आईटी प्रशिक्षुओं को इंडस्ट्री-रेडी ग्रीन स्किल्स प्रदान करेगी। इससे प्रदेश में सतत् और समावेशी व्यावसायिक कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी। साइन्टेक टेक्नोलॉजीज और अपनाटाइम टेक प्रा. लि. के साथ मिलकर ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और अपस्किलिंग की पहल की जा रही है। इससे इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिभा को विकसित किया जा सकेगा। यह कंपनी अपने डिजिटल भर्ती प्लेटफॉर्म से प्रदेश के युवाओं को संभावित नियोक्ताओं से जोड़ेगी, इससे रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल और व्यापक होगी।

ग्वालियर के सरकारी डिविजनल आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं को मार्तंडक सोलर एनर्जी प्रा. लि. द्वारा प्रशिक्षित एवं प्रायोजित किया जाएगा। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की मांग के बीच संतुलन स्थापित होगा। उन्नति फाउंडेशन स्वयम पोर्टल के माध्यम से रोजगार उन्मुख ऑनलाइन पाठ्यक्रम, साइकोमेट्रिक विश्लेषण और कैरियर गाइडेंस प्रदान कर रही है, जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ेगी। प्रदेश के युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के लिए वन वर्ल्ड एलायंस जापान के सहयोग से जापानी भाषा और आवश्यक कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे जापान में भी रोजगार के लिए तैयार हो सकेंगे।

# मोबाइल चलाने से रोका तो माता-पिता का सिर फोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी।** बेटे को मोबाइल देखने की लत छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कहना एक माता-पिता के लिए जानलेवा साबित हो गया। वारासिवनी कॉलेज के पीछे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सोमवार रात एक कलयुगी बेटे ने बहस के बाद माता-पिता पर सब्बल से हमला दिया। माता-पिता की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका गोंदिया के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सिंकदरा के पास कालेजटोला में सोमवार रात लगभग 11 बजे सत्यम कटरे (19) ने पिता किशोर कटरे (40) और माता प्रतिभा कटरे (35) पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। सत्यम नीट परीक्षा की तैयार कर रहा है। पुलिस जानकारी के अनुसार रात में पिता किशोर और सत्यम के बीच लगातार मोबाइल देखने की बात पर बहस हुई थी। पिता ने सत्यम को पढ़ाई पर ध्यान लगाने की समझाइश दी। इससे गुस्सा होकर सत्यम ने माता-पिता पर सब्बल से हमला कर दिया। मां प्रतिभा आइसीयू में भर्ती हैं। हमले के बाद सत्यम ने खुद ही डायल 100 पर फोन कर पुलिस को अपनी करतूत की जानकारी दी। घायल पति-पत्नी सरकारी शिक्षक हैं। किशोर कटरे जराहमोहगांव में शिक्षक हैं, तो प्रतिभा सावंगी में शिक्षिका हैं। सत्यम माता-पिता की इकलौती संतान है। सत्यम ने कोटा राजस्थान में छह महीने तक रहकर नीट की तैयारी की थी, लेकिन बीच में पढ़ाई छोड़कर वह घर लौट आया और यहीं रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। उसके अच्छे अंक न आने पर पिता ने मोबाइल की लत छोड़ने की सलाह दी थी।

'ब्राह्मण ही कर सकते हैं कथा'

# कथावाचक देविका पटेल का विरोध करने वाले सात ब्राह्मणों पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** पनागर में एक कथावाचक देविका पटेल को कथा सुनाने से रोका गया। कुछ ब्राह्मण युवकों ने उन्हें गैर-ब्राह्मण होने के कारण कथा सुनाने से मना किया। उन्हें धमकियां भी दी गईं। इस घटना के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। इसे देखते हुए पुलिस ने सात युवकों पर एफआईआर दर्ज की। यह मामला धार्मिक स्वतंत्रता और जातिगत भेदभाव पर सवाल उठाता है। भीम आर्मी से लेकर ओबीसी समाज तक देविका पटेल के समर्थन में प्रदर्शन कर रहा था।

जबलपुर जिले के पनागर थाना



क्षेत्र के रैपुरा गांव में यह घटना घटी थी। कुछ लोगों ने कथावाचक देविका पटेल की कथा को यह कहकर रुकवा दिया था कि गैर ब्राह्मण भागवत कथा नहीं कह सकते। युवकों का कहना था कि केवल ब्राह्मण ही कथा सुना सकते हैं। देविका पटेल ने बताया कि उन्हें और उनके पिता को धमकियां भी दी गईं। यह घटना कुछ दिन पहले हुई थी, लेकिन पुलिस ने सात दिन बाद एफआईआर दर्ज की। देविका पटेल रैपुरा गांव में कथा वाचन के लिए पहुंची थीं। तभी कुछ स्थानीय युवकों ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने देविका से कहा कि कथा वाचन सिर्फ ब्राह्मणों का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर देविका कथा सुनाना चाहती हैं तो पहले किसी ब्राह्मण युवक से शादी कर लें। देविका ने बताया कि युवकों ने उन्हें और उनके पिता को धमकाया भी। इस घटना के विरोध में जबलपुर और आसपास के जिलों में प्रदर्शन हुए। लोगों ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। पुलिस की सुरक्षा में देविका पटेल ने बाद में कथा सुनाई। देविका ने कहा कि धर्म और आध्यात्म किसी जाति विशेष की संपत्ति नहीं है। हर व्यक्ति को भक्ति और कथा करने का अधिकार है। देविका पटेल ने पनागर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन पुलिस ने सात दिन बाद एफआईआर दर्ज की। इस देरी से ग्रामीणों में गुस्सा था। उन्होंने थाने तक जुलूस निकाला। इस मामले में दलित, पिछड़ा वर्ग और अन्य संगठनों ने भी विरोध जताया। एससी/एसटी, ओबीसी महासभा और भीम आर्मी ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# बस पर पथराव में डॉक्टर की मौत

### ◆ शव लेने से पत्नी का इनकार, बोली-हत्या हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** इंटरसिटी बस पर हुए पथराव में एक डॉक्टर की मौत हो गई। वह परिवार से मिलने इंदौर जा रहे थे। इसी दौरान तीन अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ पत्थर बरसा दिए। एक बड़ा सा पत्थर कांच को तोड़ते हुए डॉक्टर के सिर पर जा लगा। गंभीर हालत में उन्हें संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र में शिल्पी सिटी के पास सोमवार रात को हुई। उनकी शिनाख्त डॉ. हीरामणि कोरी (35) के रूप में हुई। वह सिरमौर अस्पताल में फिजियोथैरेपिस्ट के पद पर पदस्थ थे। इधर, घटना की सूचना पर इंदौर से रीवा पहुंची डॉक्टर की पत्नी मुक्ता ने पति का शव लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मेरे बेकसूर पति की बेरहमी से पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। मैं तब तक शव नहीं लूंगी। जब तक आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती।

# किराएदार ने दुष्कर्म के बाद वृद्धा को गला घोंटकर मार डाला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** 70 वर्षीय वृद्धा का हत्यारा किरायेदार का बेटा ही निकला। किरायेदार के बेटे शैलेंद्र सिंह ने वृद्धा को घर में अकेली पाकर साथ दुष्कर्म किया। उसने शोर मचाया तो आरोपी ने गला घोटकर हत्या कर दी। जांच में वृद्धा के गले पर नाखूनों के निशान थे। पुलिस को इसी से हत्या की आशंका हुई थी। आरोपी ने दुष्कर्म और हत्या के बाद अपने नाखून काटकर घर के ही डस्टबिन में डाल दिए। आरोपी ने पुलिस से बचने के लिए साक्ष्य मिटाने के पूरा प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल ट्रेसिंग पर डाल दिया। लोकेशन बड़वानी में मिली। महाराष्ट्र भागने से पहले ही बड़वानी पुलिस की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद दुष्कर्म की मौखिक रूप से पुष्टि विशेषज्ञ पैनल ने भी कर दी है। कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घर का सामान बिखरा पड़ा था। मृतका के बेटे और बहू बाहर गए थे। परिजन ने बताया कि घर में 45 हजार रुपये थे। वो भी गायब हैं। घर का सामान भी बिखरा पड़ा था। वृद्धा के मुंह पर तकिया पड़ा हुआ था। इससे पुलिस को पहले आशंका थी कि ये चोरी या लूटकर हत्या का मामला है। पुलिस घटनास्थल पहुंची तो आरोपी शैलेंद्र गुमराह करने के लिए घर के दरवाजे पर ही बैठा रहा। जैसी ही पुलिस पहली मंजिल पर घटनास्थल पहुंची, इसी दौरान आरोपी फरार हो गया। पुलिस को फिर शंका और गहरा गई।जांच में पुलिस को 45 हजार रुपये घर में ही मिले, तो चोरी या लूट की आशंका भी खत्म हो गई। पुलिस ने अन्य साक्ष्य जुटाना शुरू कर दिया। इसी दौरान पुलिस को डस्टबिन में नाखून पड़े मिले। आरोपी शेलेंद्र सिंह के पिता पोस्ट ऑफिस इंदौर से सेवानिवृत्त हुए थे। परिवार बड़वानी का रहने वाला है। आरोपी की मौसी खंडवा में रहती थी, इसीलिए माता-पिता भी खंडवा आ गए थे।यहां वृद्धा के घर में 3 माह पहले ही किराये से रहने आए थे। आरोपी 17 से महाराष्ट्र में रह रहा था। आठ दिन पहले ही वो अपने माता-पिता के पास खंडवा आया था। रविवार को वृद्धा को घर में अकेली पाकर वारदात को अंजाम दे दिया।

## संपादकीय

# प्राइवेट अस्पतालों का 'शोषण' रोके राज्य सरकारें

**सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजन के 'शोषण' को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से सीधे प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि चूंकि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती हैं और उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें नीति निर्माताओं को संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे। यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) और उनके पिता ने दायर की है। इसमें कहा गया कि उनकी मां को पिछले साल स्तन कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी हैं। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पताल में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट खरीद सकें। निजी अस्पतालों को मजबूर न करने दिया जाए कि मरीज केवल उनकी फार्मेसी से ही दवाएं खरीदें।**

## ज्ञान-विज्ञान

# होली पर लगने जा रहा पूर्ण चंद्रग्रहण

## आसमान में बदलकर लाल हो जाएगा चांद का रंग, जानें क्यों होता है ब्लड मून?

इस महीने होली के दिन एक खास खगोलीय घटना होने जा रही है। 14 मार्च को आसमान में लाल रंग का चांद दिखाई देगा, जिसे ब्लड मून भी कहा जाता है। यह पूर्ण चंद्रग्रहण होगा, जो लगभग तीन साल बाद हो रहा है। इसके पहले ऐसा 2022 में हुआ था, जब आसमान में लाल रंग की छाया में चंद्रमा का अनोखा दीदार करने को मिला था। यह उस खगोलीय घटना के चलते होता है, जब पूर्णिमा का चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य एक सीध में होते हैं। इस दौरान चंद्रमा रंग बदलते हुए पृथ्वी की छाया में चला जाता है। इसे ब्लड मून कहा जाता है।



### क्यों होता है ब्लड मून?

जब हमारी पृथ्वी अपने परिक्रमा पथ पर बढ़ते हुए चंद्रमा और सूर्य के बीच में सीधी रेखा पर होती है, तो चंद्रमा पूरी तरह से पृथ्वी की छाया के सबसे भीतरी हिस्से में चला जाता है। यह इसे सूर्य से पूरी तरह ओझल कर देता है। चंद्रमा अपना प्रकाश नहीं पैदा करता है। हालांकि, यह चमकता है क्योंकि इसकी सतह सूर्य की किरणों को परावर्तित करती है। यद्यपि पृथ्वी सूर्यग्रहण के दौरान चंद्रमा तक पहुंचने वाली किसी भी रोशनी को रोकती है, फिर सूर्य चंद्रमा की सतह पर पृथ्वी की छाया डालता है।

चूंकि, सूर्य की रोशनी अवरुद्ध होती है, इसलिए चंद्रमा आम रातों की अपेक्षा मद्धम होता है। इसका यह प्रभाव कुछ घंटों के लिए इसकी सतह को एक लाल-नारंगी रंग से रंग देता है। इससे रात के दौरान आकाश में अनोखा नजारा दिखाई देता है। रंग बदलने की वजह से इसे अक्सर ब्लड मून कहा जाता है।

### कब और कहां दिखेगा पूर्ण चंद्रग्रहण?

नासा के अनुसार, पूर्ण चंद्रग्रहण को अमेरिका में 13 और 14 मार्च की दरमियानी रात को देखा जा सकेगा। अमेरिकी समयानुसार रात के 11:57 बजे ग्रहण की शुरुआत होगी, जब चंद्रमा छाया के बाहरी हिस्से में प्रवेश करेगा। 1:09 बजे आंशिक ग्रहण शुरू होगा, जब चंद्रमा पृथ्वी की छाया में प्रवेश करता है और अंधेरा होने लगता है। 2:26 बजे यह पूर्ण चंद्रग्रहण में बदलेगा और ब्लड मून के लाल रंग में दिखाई देगा। 3:31 बजे जब यह छाया से बाहर निकलेगा, तब इसका लाल रंग फीका पड़ जाएगा। सुबह 6 बजे तक इसकी पूरी प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

### क्या भारत में दिखाई देगा पूर्ण चंद्रग्रहण?

65 मिनट से ज्यादा समय तक चलने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण को दुनिया के कुछ ही हिस्से के लोग अनुभव कर पाएंगे। उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका के लोग इसे पूरी पूर्णता के साथ देखेंगे। इसे अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका और उत्तरी व दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा। चूंकि, जब यह खगोलीय घटना होगी, उस समय भारत में दिन हो रहा होगा ऐसे में इसे नहीं देखा जा सकेगा।

# नासा का PUNCH लॉन्च के लिए तैयार, इतने सारे सौर मिशन को क्यों दिया जा रहा है अंजाम, जानें वजह

**अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपना नया सौर मिशन लॉन्च करने के लिए तैयार है। यह मिशन 4 मार्च को कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से लॉन्च होगा। इस मिशन का नाम 'पोलैरीमीटर टू यूनिफाई द कोरोना एंड हेलियोस्फेयर' (PUNCH) है। यह पिछले 18 महीनों में लॉन्च होने वाला तीसरा प्रमुख सौर मिशन है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सौर मिशनों की संख्या में वृद्धि कोई संयोग नहीं है। इतने सारे सूर्य मिशन लॉन्च होने का कारण सौर चक्र (Solar Cycle) है।**

रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्य का भी एक चुंबकीय क्षेत्र होता है, जिसमें उत्तर और दक्षिण ध्रुव होते हैं। यह चुंबकीय क्षेत्र सूर्य के अंदर लगातार घूमते रहने वाले आवेशित कणों के कारण बनता है। हर 11 साल में सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र पूरी तरह से पलट जाता है। इसका मतलब है कि इसके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव अपनी जगह बदल लेते हैं। इसी बदलाव को सौर चक्र कहते हैं।



### वैज्ञानिक सौर चक्र को कैसे करते हैं ट्रैक?

सौर चक्र सूर्य की सतह पर होने वाली गतिविधियों को प्रभावित करता है। जब चुंबकीय क्षेत्र पलटता है तो सूर्य सबसे ज्यादा सक्रिय होता है। इस चरण को सौर अधिकतम (सोलर मैक्सिमम) कहते हैं। इस अवधि के दौरान सूर्य अंतरिक्ष में विकिरण और कणों के ज्यादा लगातार और तीव्र विस्फोट भेज सकता है। पलटने के बाद सूर्य शांत हो जाता है। यह सौर न्यूनतम (सोलर मिनिमम) कहलाता है। फिर एक नया चक्र शुरू होता है।

सौर अधिकतम के दौरान सूर्य की सतह पर सबसे ज्यादा सनस्पॉट होते हैं। सनस्पॉट छोटे, गहरे और ठंडे क्षेत्र होते हैं जहां चुंबकीय क्षेत्र बहुत मजबूत होता है। सौर न्यूनतम के दौरान सूर्य पर सबसे कम सनस्पॉट होते हैं। वैज्ञानिक सनस्पॉट की गिनती करके सौर चक्र को ट्रैक करते हैं।

नासा की वेबसाइट पर एक रिपोर्ट के अनुसार, 'सूर्य पर बड़े विस्फोट, जैसे सौर फ्लेयर्स और कोरोनल मास इजेक्शन भी सौर चक्र के दौरान बढ़ जाते हैं। ये धमाके अंतरिक्ष में ऊर्जा और पदार्थ के शक्तिशाली विस्फोट भेजते हैं। ये विस्फोट पृथ्वी पर असर डाल सकते हैं। ये उपग्रह संचार को बाधित कर सकते हैं और यहां तक कि पृथ्वी पर बिजली ग्रिड को भी प्रभावित कर सकते हैं। इसीलिए वैज्ञानिक सौर चक्र पर नजर रखते हैं।

### इतने सारे सौर मिशन क्यों लॉन्च हो रहे हैं?

वर्तमान सौर गतिविधि और सनस्पॉट की संख्या से पता चलता है कि यह चक्र अपने अधिकतम के करीब हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। NOAA, जो सौर चक्रों को ट्रैक करता है, उसके अनुसार, इस चक्र में सौर गतिविधियों ने मई 2022 के आसपास गति पकड़ी और 2024 के अधिकांश समय तक सामान्य से ऊपर बनी रही।

सौर अधिकतम, भौतिकविदों के लिए मिशन लॉन्च करने और सूर्य का अवलोकन करने का सबसे अच्छा समय होता है। यही कारण है कि सूर्य का अवलोकन करने के लिए मिशनों में तेजी आई है। सौर भौतिकविदों को पता है कि अगर वे यह मौका चूक गए तो अगली संभावित तीव्र सौर गतिविधि 2035-2036 से पहले नहीं होगी।

### PUNCH क्या पता लगाएगा?

PUNCH अपनी तरह का पहला सौर मिशन है जो सूर्य के वायुमंडल की सबसे बाहरी परत सौर कोरोना का अध्ययन करेगा। चार समान सूटकेस आकार के सैटेलाइट लगातार सूर्य के आंतरिक कोरोना की तस्वीरें लेंगे और सौर ज्वालाओं आदि की उत्पत्ति के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

Maharashtra

# पैथोलॉजी लैब मालिक से 42.35 लाख की ठगी, शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगों ने बनाया शिकार

**ठाणे, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के ठाणे में 47 वर्षीय पैथोलॉजी लैब मालिक से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 42.35 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार एक जालसाज ने बदलापुर क्षेत्र के बेलावली निवासी पीड़ित लैब पैथोलॉजी मालिक से फोन पर संपर्क किया. इसके बाद उसे शेयरों में निवेश करने का लालच देकर बेहतर रिटर्न का वादा किया और फिर ठगी कर ली. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी.

मामले की जानकारी देते हुए बदलापुर पश्चिम पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने



पीड़ित को इन्वेस्टमेंट लिंक मुहैया कराए. इस लिंक के जरिए पीड़ित ने जून 2023 से नवंबर 2024 के बीच 4235476 रुपये का लेनदेन किया. हालांकि, कुछ दिनों बाद जब पीड़ित ने आरोपियों से बातचीत की तो कोई जवाब नहीं मिला. जिसके बाद पीड़ित ने सोमवार को पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने बताया कि जालसाजों के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. आपको बता दें कि साइबर ठगों ने इससे पहले भी ठाणे में एक व्यक्ति से शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी की थी.

Mizoram

## शराबबंदी वाले इस राज्य में बीयर बेचने की मिलेगी इजाजत, सरकार ला रही है बिल



**मिजोरम, एजेंसी** शराबबंदी वाले इस राज्य में बीयर बेचने की इजाजत देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए राज्य के विधानसभा में आज यानी बुधवार को एक विधेयक पेश किया जाएगा। इसके बाद उस राज्य में फल और चावल से बनी शराब और बीयर की बिक्री की अनुमति दी जा सकेगी। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। वहीं, मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि मौजूदा शराबबंदी कानून को हटाने के बारे में वह नहीं सोच रहे हैं। आपको बता दें कि हम मिजोरम की बात कर रहे हैं। वहां की जोरम पीपल्स मूवमेंट सरकार आज शराब और बीयर पर संशोधन बिल लाएगी। मुख्यमंत्री लालदुहोमा की सरकार मौजूदा मिजोरम शराब (प्रतिबंध) अधिनियम, 2019 में संशोधन के लिए विधेयक लाएगी। विभागीय मंत्री लालनगिहलोवा हमार उस बिल को पेश करेंगे, जिसमें राज्य के भीतर उत्पादन होने वाले चावल और फल से बनी शराब और बीयर की बिक्री, वितरण और निर्माण की अनुमति देने का प्रस्ताव है। यह केवल लाइसेंस धारकों के लिए होगा। साथ ही यह बिल राज्य में पारंपरिक मिजो शराब की बिक्री की भी अनुमति देगा। आपको बता दें कि इसे देशी शराब भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 2025-26 के बजट को पेश करने के बाद पत्रकारों से कहा कि उनकी सरकार शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति नहीं देगी, लेकिन राज्य में स्थानीय रूप से उत्पादित शराब और बीयर की बिक्री को नियंत्रित करेगी।

Bihar

## नशीली चाय पिलाकर किया बेहोश, रेप का बनाया वीडियो, दोस्त की बीवी के साथ गंदा काम

**भभुआ, एजेंसी** भभुआ जिले के एक मोहल्ले की महिला ने अपने पति के दोस्त पर नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश होने के बाद दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगा भभुआ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में लिखा है कि उसका पति ई-रिक्शा चलाता है। उसकी दोस्ती रोहतास जिले के बिक्रमगंज के रहनेवाले वकील फारूकी के बेटे श्यामबाबू फारूकी से थी। वो उसके घर अक्सर आता-जाता था। आवेदन में लिखा है कि श्यामबाबू 20 फरवरी की शाम सात बजे उसके घर आया। पीड़िता ने उसे पीने के लिए चाय दी और अपनी भी चाय लेकर वहां बैठ गयी। इस दौरान उसने उससे पीने के लिए पानी मांगा। वह पानी लेने चली गई। लौटकर चाय पीने लगी। लेकिन, चाय पीने के थोड़ी देर बाद ही उसे सुस्ती और बेहोशी छाने लगी। इसके बाद आरोपित ने उसके साथ गंदा काम किया और उसका वीडियो बना लिया। जिसके बाद पीड़िता ने नशा खिलाकर दुष्कर्म और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। सदर थाने में पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

New Delhi

# गोधरा कांड के 14 गवाहों की हटाई गई सुरक्षा

### सिक्योरिटी में तैनात थे 150 CISF जवान

**दिल्ली, एजेंसी** गुजरात के गोधरा कांड के गवाहों की सुरक्षा हटा दी गई है. यह फैसला केंद्र सरकार की तरफ से लिया गया है. सूत्रों की माने तो कुल 14 गवाहों की सुरक्षा हटाई गई है. जिन्हें सीआईएसएफ के 150 जवानों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी. सूत्रों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने SIT की रिकमेंडेशन रिपोर्ट के आधार पर 14 गवाहों की सुरक्षा को हटाने का फैसला लिया है. गोधरा कांड पर बनी SIT ने 10 नवंबर 2023 को इन गवाहों की सुरक्षा हटाने की अपनी रिपोर्ट दी थी. 27 फरवरी, 2002 को गुजरात के गोधरा में अयोध्या से लौट रहे कारसेवकों को ले जा रही साबरमती एक्सप्रेस की एक बोगी में आग लगा दी गई थी, जिसमें 58 लोगों की मौत हो गई थी.



इस घटना के बाद पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर दंगे भड़क उठे थे, जिसके बाद केंद्र सरकार को सेना भेजनी पड़ी थी. आधिकारिक अनुमान के अनुसार यह भारत में सबसे भीषण सांप्रदायिक हिंसा में से एक थी. जिसमें 790 मुस्लिम और 254 हिंदुओं सहित 1044 लोग मारे गए थे.

खेल

# भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मैच का सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त किया

### लगातार तीसरी बार फाइनल में

**दुबई, एजेंसी** भारतीय टीम ने गेंदबाजों के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता।

भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी



टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। वहीं, टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले टीम 2013 और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंची थी।

**आईसीसी टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सेमीफाइनल जीतने वाली टीम बना भारत-** भारतीय टीम ने संयुक्त रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मैच का सबसे सफल लक्ष्य हासिल कर लिया है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 2000 में इस टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में 265 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था। वहीं, भारत ने 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ इतने ही रनों का लक्ष्य चेज किया था। भारत इसके साथ ही आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा सेमीफाइनल जीतने वाली टीम बन गया है। भारत ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की बराबरी कर ली है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने 14 सेमीफाइनल मैचों में से नौ बार जीत दर्ज की है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली इसके साथ ही आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में सर्वाधिक बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 24वीं बार 50+ स्कोर बनाया।

सिनेमा

## मशहूर सिंगर कल्पना राघवेंद्र ने नींद की गोलियां खाकर की आत्महत्या की कोशिश, अस्पताल में चल रहा इलाज



साउथ एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी प्लेबैक सिंगर और सॉन्गराइटर कल्पना राघवेंद्र को लेकर शॉकिंग खबर सामने आई है. सिंगर ने मंगलवार देर रात को अपने घर में नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल हैदराबाद के प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है.न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि कल्पना ने अपने घर पर ही सुसाइड करने की कोशिश की थी. सिंगर की सिक्योरिटी के मुताबिक, उनका घर दो दिनों से खुला नहीं था, जिसके बाद एसोसिएशन के सदस्यों को सूचित किया गया था. रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने कल्पना के बारे में पुलिस को जानकारी दी, तब पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सिंगर के घर में एंट्री की. पुलिस को कल्पना बेहोशी की हालत में मिली थीं, जिसके बाद उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया. फिलहाल उनका इलाज चल रहा है. अभी तक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि सिंगर के आत्महत्या की कोशिश करने के पीछे कारण क्या है? हालांकि, केपीएचबी पुलिस ने मामला दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है. रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि सिंगर की हालत अब स्थिर है और वो फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं.

## Highlights

1. **Congress leader who fat-shamed Rohit praises him after India defeat Aus in CT semi-final**
2. **Why Karnataka is seeking a ban on tattoo ink**
3. **Union Minister Scindia tries Meta AI glasses, Congress reacts**
4. **Sher aur shava sher: MP Thakur as PM sits face to face with lion**
5. **DMK member stealing bangle under guise of anti-Hindi pledge: BJP**

# India's home prices, rent costs to climb faster than inflation this year: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** India's average home prices and rental costs are set to outpace consumer inflation this year according to a Reuters poll of housing experts who were split on whether affordability for first-time homebuyers would worsen or improve.

While faltering economic growth, stagnant wages and a dearth of well-paying jobs have left millions of working-class families with depleted savings, home prices have nearly doubled in the past decade in a housing market dominated and driven by those with high incomes.

In addition, a mismatch between strong demand and limited supply has inflated home prices to a point where tens of millions are having to rent. Average home prices in India will surge 6.5% this year and 6.0% next, following a rise of about 4.0% last year, according to median forecasts in a February 17-March 4 survey of 14 property market experts.



That outlook was barely changed from a December poll, taken before the Reserve Bank of India began cutting interest rates in what is expected to be a short and shallow cycle. Urban rental costs were set to climb even faster, jumping 7.0%-10.0% over the coming year. Such an increase would far outpace consumer inflation, which is expected to average 4.3% and 4.4% over the next two fiscal years, according to a separate Reuters survey.

With rents soaring, the path to homeownership is even steeper as first-time buyers struggle to save for a down payment.

"This is a double-whammy: home prices will outpace inflation and rents have already been skyrocketing for years.

# Nothing Phone 3(a) series' graceful evolution blends AI with pristine refinement

**NEW DEIHI, (Agency).** There's something undeniably elegant about Nothing's approach to the Phone 3(a) and the Phone 3(a) Pro. The chronology in the broader scheme of things may be a little different — the perspective here being the next flagship comes later contrasting the competition's approach — but there is little else to suggest that the British tech startup has lost any of its uniqueness. The Nothing Phone 3(a) and Phone 3(a) Pro couldn't really have been any more different in key areas, whilst keeping the same foundation. This approach is one that ideally gives buyers a nice array of choice, but nothing too drastic that they end up with a confused purchase.



The Nothing Phone 3(a) prices will start at ₹22,999 for the 8GB RAM and 128GB storage spec as the entry point, with an around ₹2,000 increment each for the 8GB+256GB and 12GB+256GB upgrades. Whereas, the Phone 3(a) Pro prices start at ₹27,999 with similar memory and storage combinations defined by also similar pricing band differences. One of the prime competitors would be the OnePlus Nord 4 (prices start at ₹29,999 before various discounts and cashback that remain in play), as well as the Xiaomi Redmi Note 14 Pro (priced ₹24,999 onwards) and Redmi Note 14 Pro+ (prices start around ₹30,999) while the new Vivo V50 (this is priced ₹36,999 onwards) is specifically competition for Nothing Phone 3(a) Pro.

# ज्योतिषीय / अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

**www.babapandit.com**

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक